# मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः 27.08.2025

## थाना लालगंज साइबर क्राइम टीम द्वारा ऑनलाइन ठगी की घटना की धनराशि ₹ 5000/- को पीड़ित शिक्षक के खाते में कराया गया वापस-

आवेदक सुभाष चन्द मौर्या पुत्र रामजनक मौर्या निवासी गंगहरा खूर्द थाना लालगंज जनपद मीरजापुर द्वारा दिनांकः 13.08.2025 को थाना लालगंज के NCRP पोर्टल पर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया था । उक्त प्रकरण में थाना स्थानीय पर शिकायत सं0-33108250094435 पंजीकृत किसान निधि फंड के तहत अज्ञात APK फाइल डाउनलोड कराकर आवेदक के खाते से कुल 5000/- रु0 ठगी की गयी थी, उक्त के सम्बन्ध में थाना लालगंज की साइबर सेल टीम द्वारा जाँच प्रारम्भ की गयी ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "सोमेन बर्मा" के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में थाना लालगंज की साईबर पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त जाँच के दौरान धनराशि को आवेदक के बैंक खाते में कुल ₹ 5000/- रुपये वापस कराए गये । खाते में पैसे वापस आने पर आवेदक द्वारा थाने पर उपस्थित होकर मीरजापुर पुलिस के पुलिस उच्चाधिकारी एवं साइबर क्राइम टीम थाना लालगंज पुलिस टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया । आवेदक को साइबर जागरुकता अभियान के तहत साइबर सम्बन्धी होने वाली ठगी से जागरुक किया गया व और भी लोगों को उनके द्वारा साइबर ठगी से सावधान रहने हेतु बताये जाने की बात बताई गई ।

**साइबर क्राइम टीम थाना लालगंज-**

संजय कुमार सिंह थानाध्यक्ष थाना लालगंज, मीरजापुर ।

कम्प्यूटर आ0 संतोष कुमार थाना लालगंज मीरजापुर ।

कां0 कुलदीप पाल थाना लालगंज मीरजापुर ।

म0का0 अंजली थाना लालगंज, मीरजापुर ।


REFUND
5000

************